दिन– मंगलवार दिनांक– 22 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में बैठकों का दौर शुरू हो गया है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार आज शाम होने वाले इस बैठक के दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

———————————————————————————

एक राष्ट्र एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज दिल्ली में संसद भवन में आयोजित की जा रही है। बैठक में जीपीसी के सभी उनचालीस सदस्य शामिल हो रहे है। बैठक से पहले मीडिया से बात करते हुए, एक राष्ट्र एक चुनाव पर जेपीसी के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय हित में है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बार–बार चुनाव होने से शिक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ता है।

———————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप बढ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे राज्य में अधिकतम तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभूआ, अरवल, औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में अधिकतम तापमान बियालीस डिग्री सेल्सियस के आस पास दर्ज किया गया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होगी। कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है– हमारी शक्ति, हमारा ग्रह। पृथ्वी दिवस का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और धरती की रक्षा के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनमें लोगों को जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और स्थिरता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

———————————————————————————

वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने आज अभ्यास सत्र के दौरान पटना के जे.पी. गंगा पथ पर एयरोबैटिक– एयर शो में हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सूर्य किरण टीम के जवानों ने नाइन हॉक लड़ाकु विमानों के जरिये हवा में कई फॉरमेशन बनाए। इससे पहले सूर्य किरण के जांबाजों ने वायु सेना के हेलीकॉप्टर से पैराग्लाइडिंग शो का प्रदर्शन किया और आसमान में राष्ट्रीय ध्वज लहराया। एयर शो का स्कूली बच्चों और आम लोगों ने भरपूर आनंद लिया। मुख्य समारोह कल आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका उद्‌घाटन करेंगे। एयर–शो के दौरान कल भी जे.पी. गंगा पथ से लेकर सोनपुर और हाजीपुर तक नो–फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समस्तीपुर और सहरसा के बीच नई सवारी गाड़ी का शुभारंभ करेंग। यह जानकारी समस्तीपुर मंडल के रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने दी है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर की मुडेरा पंचायत में मुख्यमंत्री महिला संवाद जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। रामनगर की बीपीएम रत्न प्रिया ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी।

---

बक्सर की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दोषी तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर बीस बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गीतवास नारायनपुर के पास एक बस और कार की टक्कर में कार सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

---

समाप्त